दिनांकः 18.02.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राज्य विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट पेश–प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए कई घोषणाएं।
- सरकारी और निजी क्षेत्र में पौने तीन लाख भर्तियों का ऐलान, आठ नए जिलों के लिए एक हजार करोड़ रुपये के फंड की घोषणा, चिकित्सा तंत्र को मजबूत करने के लिए कई प्रावधान।
- बजट पर प्रदेशभर से मिली–जुली प्रतिक्रियाएं–मुख्यमंत्री ने बजट को समग्र विकास सुनिश्चित करने वाला बताया–नेता प्रतिपक्ष ने कहा–बजट से आम आदमी को कोई राहत नहीं।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की बारिश और तेज रफ्तार हवाएं–आज कुछ जगह ओले गिरने की संभावना।

000

उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दीया कुमारी ने आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट पेश किया। प्रदेश के चंहुमुखी विकास और सभी वर्गों के कल्याण के लिए इसमें रोजगार, कृषि ऋण, चिकित्सा सेवाओं के विस्तार और आधारभूत ढांचे को बेहतर बनाने के लिए कई घोषणाएं की गई हैं। वित्त मंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि सरकार राज्य को 350 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने पिछली बजट घोषणाओं में से 73 प्रतिशत को पूरा कर लिया है।

प्रदेश का पहला ग्रीन बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि इसके लिए 27 हजार 824 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। और ब्यौरा हमारे प्रतिनिधि से –

................

राजीविका मिशन के तहत महिलाओं को स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में 20 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से तीन लाख लखपति दीदी अगले साल बनाई जायेंगी। वहीं बजट में महिलाओं के लिए पांच सौ से ज्यादा पिंक टॉयलेट के निर्माण की घोषणा की गई है।

प्रदेश में देखरेख और संरक्षण आवश्यकता वाली बालिकाओं के लिए दस मुख्यालयों पर गर्ल्स चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। आंगनबाडी केन्द्रों पर बच्चों को सप्ताह में 3 दिन से बढा़कर 5 दिन दूध दिया जाएगा।

50 करोड़ रूपये की लागत से फिट राजस्थान अभियान शुरू किया जाएगा। इसके साथ तकनीकी शिक्षण संस्थानों में स्पोर्ट्स कोटा लागू किये जाने की घोषणा की गई है। मौजूदा राज्य सरकार का दूसरा पूर्ण बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजन की पेंशन बढाकर 1250 रूपये महीना किये जाने का ऐलान किया।

प्रदेश में सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए राजस्थान नागरिक सुरक्षा अधिनियम लाया जाएगा। सरदार पटेल सेंटर फॉर साइबर कंट्रोल और वॉर रूम की स्थापना के लिए साढे तीन सौ करोड रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है। अगले दो सालों में पुलिस विभाग को एक हजार वाहन उपलब्ध करवाने और साढे तीन हजार नए पुलिस पद बनाने का भी एलान किया गया है।

बजट में सरकारी विभागों में सवा लाख और निजी क्षेत्र में डेढ लाख भर्तियों का ऐलान किया गया है। इसके साथ ही राजस्थान रोजगार नीति 2025 लाने की भी घोषणा की गई।

................

बजट में पांच सौ करोड़ रूपये की लागत से विवेकानन्द रोजगार सहायता केन्द्र बनाने का प्रावधान किया गया है। तीन हजार पांच सौ करोड़ की राशि से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना कोष बनाया जाएगा।

................

दूरदराज के इलाकों तक चिकित्सा सुविधा के लिये साढे साढे सात सौ चिकित्सकों और डेढ़ हजार पैरामेडिकल स्टॉफ पदों का सृजन किया जायेगा। राज्य के 8 नये जिलों के लिए एक हजार करोड़ रूपये के फण्ड का ऐलान किया गया है।
उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दो लाख नए घरों को पेयजल कनेक्शन प्रदान करने के लिए चार सौ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। विकास को नई रफ्तार देने के लिए राजधानी जयपुर में मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। 12 हजार करोड़ रूपये की लागत के सीतापुरा से टोडी मोड तक मेट्रो का काम होगा। इसके साथ जगतपुरा और वैशाली नगर तक मेट्रो लाने के लिए भी डीपीआर प्रस्तावित की गई है। बजट में राज्य में परिवहन और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार ने बड़े ऐलान किये हैं। 9 नये ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस–वे बनाये जायेंगे। 15 शहरों में नये रिंग रोड का निर्माण होगा। रोड़वेज़ के बेडे में 500 नई बसें शामिल की जाएेगी। राजधानी जयपुर में ट्रेफिक सुधार के लिए ढाई सौ करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। बीआरटीएस कोरिडोर को हटाया जाएगा।
हर पंचायत में अटल ज्ञान केन्द्र बनाने की योजना है। इससे डिजिटल शिक्षा और सरकारी योजनाओं की जानकारी सुगमता से पहुंच सकेगी। वित्त वर्ष में प्रदेश में छह हजार 400 मेगावॉट अतिरिक्त ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। पंच गौरव योजना के तहत साढे पांच सौ करोड रुपये के काम करवाए जाएंगे।
बजट की कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं इस प्रकार हैं :–

- रामजल सेतु लिंक परियोजना के तहत नौ हजार तीन सौ करोड रुपये के काम किये जाने का ऐलान।
- 25 हजार फॉर्म पौंड, दस हजार डिग्गियों, पचास हजार सौर संयत्रों और बीस हजार किलोमीटर सिंचाई पाइपलाइन के लिए नौ सौ करोड रुपये का प्रावधान।
- पीएम किसान सम्मान निधि की राशि में बढोतरी कर नौ हजार रुपये सालाना किये जाने की घोषणा।
- गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल बोनस राशि बढाकर डेढ सौ रुपये की गई।
- स्वामित्व योजना के तहत दो लाख परिवारों को जमीन के पट्टे दिये जाएंगे।
- कोटा में टॉय पार्क, निम्बाहेडा और बूंदी में स्टोन पार्क, चित्तौडगढ के सोनियाना में सेरेमिक पार्क और भीलवाडा में टेक्सटाइल पार्क के विस्तार की घोषणा तथा जयपुर के सांगानेर में ब्लॉक प्रिंटिंग जोन बनाया जाएगा।
- पर्यटन विकास की गतिविधियों के लिए 975 करोड रुपये का प्रावधान। इसी तरह नाइट टूरिज्म को बढावा देने के लिए सौ करोड रुपये।
- अलवर, बीकानेर, जयपुर, जैसलमेर और कोटा में बालिकाओं के लिए सैनिक स्कूल।
- पंचायत मुख्यालयों पर अटल ज्ञान केन्द्र स्थापित होंगे।
- विधायक जनसुनवाई केन्द्रों के लिए दस लाख रुपये का प्रावधान।

000

राज्य विधानसभा में आज पेश वर्ष 2025–26 के बजट पर प्रदेशभर से प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट को समोवशी बताते हुए कहा कि आने वाले समय में ये राज्य के समग्र विकास को सुनिश्चित करेगा।

................

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट में आम आदमी को कोई राहत नहीं मिली है। ये किसानों और महिलाओं के हित में नहीं है।

................

भीलवाडा सांसद दामोदर अग्रवाल ने बजट को किसानों का उत्थान करने वाला बताया है।

................

फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रेसीडेंट सुरेश अग्रवाल ने कहा कि बजट उद्योग और रोजगार को बढावा देने वाला साबित होगा।

................

बाडमेर के युवा जितेन्द्र चौधरी ने कहा कि बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

................

पाली जिले के किसान ने सम्मान निधि बढाने और 35 लाख किसानों को कृषि ऋण देने को स्वागत योग्य पहल बताया।

................

झुंझुनूं जिले की मंडावा की डॉ. वंदना गौतम ने बजट को महिला सशक्तिकरण के लिए मजबूत कदम बताया है।

................

000

छत्रपति शिवाजी की जयंती पर आज प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। जयपुर में राजभवन में आयोजित कार्यक्रम को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया। कोटा में शिवाजी पार्क में हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन दर्शन हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। पाली में शिवाजी सर्किल स्थित शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आज दस जिलों में आंधी और बारिश का यलो अलर्ट है। मौसम केन्द्र जयपुर ने कुछ स्थानों पर ओले गिरने की भी आशंका जताई है। कल भी पश्चिमी विक्षोभ का असर बने रहने के आसार हैं। इसके बाद 21 फरवरी से तापमान में बढोतरी हो सकती है। इस बीच, आज श्रीगंगानगर में बूंदाबांदी हुई।

उधर, चूरू, सुजानगढ और आस–पास के इलाकों में हल्की बरसात के समाचार हैं। हनुमानगढ में बादल छाए रहे और तेज रफ्तार हवाएं चल रही हैं। डूंगरपुर, जोधपुर, जालौर और बाडमेर सहित कुछ स्थानों पर हल्की गर्मी का अहसास हुआ।

000